9 OCT 3 2026.qxd 08-10-2026 23:04 Page 1

निर्माणाधीन भवनकी दीवार गिरी, दबकर फरियादीकी मौत

नगर निगम जोन कार्यालय खुल्दाबादमें हुआ हादसा, मची अफरा तफरी, टीनशेडपर पहले गिरी बीम, फिर दीवार भी चपेटमें आयी

नगर निगम के जोन कार्यालय खुल्दाबाद में गुरुवार सुबह निर्माणाधीन दीवार और टीनशेड अचानक भरभराकर गिरने से उसके नीचे दबकर करेली एक शख्स की



मौत हो गयी। वह फरियाद लेकर वहां पहुंचे थे कि तभी हादसा हो गया। घटना के बाद कार्यालय में अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलने पर नगर निगम के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी पहुंचे और हादसे की जानकारी जुटायी। बताते हैं कि लकड़ीमंडी स्थित कार्यालय में इस समय निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ कमरों में नगर निगम के कार्य भी निबटाये जा रहे हैं। सुबह जेके आशियाना करेली निवासी खुर्शीद खसरा संबंधी काम के लिए पहुंचे थे। वह पुराने भवन अंदर थे कि अचानक एक बीम गिर गयी और उसके सहारे दीवार और टीनशेड भी गिर गया। जिसके नीचे खुर्शीद दब गये। यइ देखकर लोगों में अफरातफरी मच गयी। किसी तरह खुर्शीद को काल्विन अस्पताल भेजा गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के दौरान जोनल अधिकारी का दफ्तर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा था। निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की जांच कराने और हादसे के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ काररवाई की मांग की है। हादसे के बाद नगर निगम के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य वाले स्थान पर आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम किए जाने चाहिए थे। फिलहाल पुलिस और संबंधित अधिकारियों की ओर से हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

व्यापारियोंकी तेज आवाजके डीजेपर रोक लगानेकी मांग

नगर में दशहरा पर्व के दौरान नगर में निकलने वाले विभिन्न स्थानों पर रामदल के दौरान तेज आवाज में डीजे बजानेपर व्यापारियोंने रोक लगाने की मांग किया है। ठठेरी बाजार व्यापार मंडल ने गुरूवार को सहायक पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्ण घोड़ा जुलूस में डीजे की तेज आवाज पर रोक लगाने की मांग किया। व्यापारियों ने कहा कि बाजार में कई पुराने मकान हैं। जबकि कई हृदय रोगी भी रहते हैं। तेज ध्वनि से हादसे की आशंका जताते हुए डीजे की आवाज को कम कराने की मांग किया। यही नहीं नगर की कमेटियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जाये। जिससे लोगों को राहत मिल सके। दिनों दिन मानक से अधिक आवाज का प्रयोग किया जा रहा है।

आंदोलनके नाम पर सपा-कांग्रेसमें चल रही नूराकुश्ती -केशव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आंदोलन के नाम पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में नूराकुश्ती हो रही है। उन्होंने राज्य सभा के बाद विधान परिषद और विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जीत मिलने का दावा किया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार को प्रयागराज भ्रमण के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में बीस और अस्सी के अंतर से जीत का दावा किया है। साथ में यह भी कहा है कि जो बीस है उसमें भी उनकी हिस्सेदारी है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के जीतने वाले आधे उम्मीदवार भी हमारी तरफ दिखाई दे रहें हैं। डिप्टी सीएम ने यूपी में विधान परिषद की सभी ११ सीटों पर भी बीजेपी प्रत्याशियों के जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा की जिस तरीके से शिक्षक और स्नातक मतदाताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है, उससे यह साफ है कि विधान परिषद के चुनाव में समाजवादी पार्टी का खाता खुलना मुश्किल है।

उप मुख्यमंत्रीका राज्यसभाके बाद विधान परिषद और विधानसभा चुनावमें भी जीतका दावा

कहा कि यह विधान परिषद का चुनाव शिक्षित लोगों द्वारा बैलेट पेपर से होना है, इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि चुनाव बैलेट से हो चाहे ईवीएम से हो, भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलता ही है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ईडी गठबंधन के बिखरने का भी दावा किया है। उन्होंने कहा है कि हिंदी गठबंधन चाहे एकजुट रहे या लग रहे, लेकिन आगामी दिनों में होने वाले सभी चुनाव में उसकी हार तय है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर एफआईआर उन्होंने कहा कि राहुल का यह आंदोलन और विरोध प्रदर्शन जनहित के लिए नहीं है। बल्कि वह प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाने की कोशिश कर रहे हैं।वहीं यूपी में समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन पर डिप्टी सीएम श्री मौर्य ने कहा कि आंदोलन के नाम पर सपा और कांग्रेस में नूराकुश्ती हो रही है। उनके आंदोलन से बीजेपी को कोई फ़र्क नहीं पड़ने वाला है। डिप्टी सीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक ढंग से किसी को भी अपनी बात रखने का अधिकार है। कानून अगर कोई हाथ में लेने की कोशिश करेगा तो उससे निपटने के लिए भी सरकार के स्तर से जरूरी कदम उठाए जाएंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर भी दुःख जताया।

माघ मेला २०२७: नवरात्रमें शुरू होगा भूमि समतलीकरणका काम

मण्डलायुक्तने सभी कार्यदायी विभागोंको समयबद्ध ढंगसे काम पूरा करानेका दिया निर्देश

माघ मेला-२०२७ की तैयारियों को जमीन पर उतारने के लिए मेला प्रशासन ने कमर कस ली है। गंगा-यमुना का जलस्तर कम होने के साथ ही मेला प्रशासन माघ मेला के लिए भूमि समतलीकरण का काम नवरात्र में शुरू करायेगा। जैसे-जैसे जमीन उपलब्ध होगी, ट्रैक्टरों और जेसीबी के सहारे जमीन के समतलीकरण का काम आगे बढ़ेगा। मण्डलायुक्त डाक्टर लोकेश एम. द्वारा प्रत्येक गुरुवार को माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।आज प्रयागराज मेला प्राधिकरण के आई ट्रिपलसी सभागार में माघ मेला से जुड़े सभी कार्यदायी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग के कार्यों का पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त डाक्टर लोकेश एम. ने पिछली बैठकों में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की और शीघ्रातिशीघ्र निविदा प्रक्रिया को पूरा कराकर माघ मेला के सभी काम समयबद्ध ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि मेला के सभी काम तीव्र गति से कराकर ससमय गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाय। गंगा-यमुना का जलस्तर कम होते ही सभी विभाग जमीनी स्तर पर काम शुरू करायें और माघ मेला को दिव्य, भव्य बनाने के लिए बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करें। बैठक में मण्डलायुक्त ने एक बार फिर से मेला में कुम्भ की भांति पौराणिक आख्यानों पर आधारित लेजर शो, ड्रोन शो, सेल्फी प्वाइन्ट बनाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिया। बैठक में मण्डलायुक्त ने मेला में बनने वाले पीपा पुलों के आसपास भी वाटर लेजर शो कराने की योजना पर विचार करने के लिए कहा। बैठक में मेलाधिकारी ऋषि राज, उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला, मेला प्रबन्धक ऋषि मिश्र, डीसीपी, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम एवं अन्य कार्यदायी विभागों के एक्सईएन आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

तीन दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनीका उद्घाटन आज

तीन दिवसीय प्रयागफिलेक्स-२०२६ जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ९ से ११ अक्तूबर को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन गांधी वीथिका में किया जायेगा। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रयागराज के लोगों, विशेषकर युवा छात्रों और युवा पीढ़ी को डाक टिकट संग्रह की इस रोमांचक दुनिया के करीब लाना है। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी आगंतुकों को दुर्लभ और रोचक डाक टिकटों तथा अन्य फिलैटेलिक सामग्रियों के व्यापक संग्रह को देखने का अवसर प्रदान करेगी।

डिप्टी सीएम ने पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेयका जाना कुशल-क्षेम

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय से मुलाकात की और उनका कुशल-क्षेम जाना। उप मुख्यमंत्री ने श्री पाण्डेय के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने मेडिकल कालेज के प्राचार्य और चिकित्सकों की टीम से पूर्व विधायक के इलाज के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उपस्थित डाक्टरों को श्री पाण्डेय जी की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और उन्हें सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध का निर्देश दिया।। श्री मौर्य ने ईश्वर से पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय के शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होने और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को भर्ती मरीजों की बेहतर सेवा-सुश्रूषा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक उपस्थित रहे।



निर्माण कार्य रोका, जांचके बाद तय होगी जिम्मेदारी

नगर आयुक्तने गठितकी तीन सदस्यीय जांच कमेटी, तीन दिनमें सौपेंगे रिपोर्ट

नगर निगम के खुल्दाबाद जोनल कार्यालय में गुरुवार सुबह हुए हादसे के बाद जोनल अधिकारी ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। अब पूरे मामले की जांच होगी। जांच के बाद तय होगी कि आखिर बरती गयी लापरवाही में जिम्मेदारी किसकी थी। इस संबंध में नगर आयुक्त ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी काररवाई की जायेगी।

नए भवन निर्माण में कार्यदायी एजेंसी की सुस्ती पर अब अधिकारियों की चुप्पी भारी पड़ रही है। नगर निगम ने निर्माण की जिम्मेदारी मेसर्स मोहम्मद अलीम को सौंपी थी। एजेंसी ने पांच अप्रैल २०२५ को भवन का निर्माण शुरू किया, लेकिन डेढ़ साल के करीब समय बीतने के बाद भी काम ४० फीसदी से अधिक अधूरा है। जोन में तैनात कर्मचारियों और इंजीनियरों का कहना है कि मौजूदा रफ्तार से भवन पूरा होने में अभी करीब एक साल और लग सकता है। भवन निर्माण की गति इतनी धीमी होने के बावजूद नगर निगम प्रशासन की ओर से समय रहते निगरानी और कार्रवाई नहीं करने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हैरानी यह भी है कि कार्यदायी एजेंसी की कथित लापरवाही पर अब तक न आर्थिक दंड लगाया गया और न ही कोई दूसरी काररवाई हुई। बताया जा रहा है कि जोनल कार्यालय के जीर्णोद्धार के लिए शासन से ४.७१ करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं, जबकि पूरे निर्माण पर करीब नौ करोड़ रुपये खर्च होने हैं। नए भवन के तैयार होने के बाद पुराने कार्यालय को बंद करने की योजना है। घटना को संज्ञान में लेते हुए नगर आयुक्त साई तेजा के निर्देश पर गठित जांच टीम में शामिल अपर नगर आयुक्त राजीव शुक्ला, मुख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र सचान तथा सहायक अभियन्ता गिरीश कुमार से छतिग्रस्त निर्माणाधीन भवन की जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट आगामी तीन दिन में मांगी है।

पार्षदोंने उठायी उच्च स्तरीय जांचकी मांग

जोन कार्यालय खुल्दाबाद में हुई घटना को लेकर पार्षदों ने गहरा दुख व्यक्त किया, पूरे मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की। वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह, अजय यादव, सरफराज अहमद, आनंद घिल्ड़ियाल आदि ने नगर आयुक्त और मुख्य अभियंता से उपरोक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को दण्डित करने और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

नवरात्र पर्वको लेकर दुकान सजानेमें जुटे व्यापारी

मूर्तियोंको अंतिम मूर्त रूप दे रहे कलाकार

नगर में नवरात्रि पर्व के नजदीक आते ही बाजारों में व्यापारियों ने तैयारी तेज कर दी है। नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बनने लगा है।

मुख्य बाजारों चौक, सिविल लाइंस, कटरा, बहादुरगंज, जीरो रोड, तेलियरगंज, अलोपीबाग में मां दुर्गा की भव्य और आकर्षक मूर्तियों की दुकानें सज गयी हैं। मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। वहीं नवरात्रों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मंदिरों में साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। मूर्तियों को अंतिम मूर्त रुप दिया जाने लगा है।कलाकारों के मुताबिक एक फिट से लेकर छह फिट तक मूर्तियां उपलब्ध हैं। जिनकी कीमत सौ से लेकर छह हजार रुपये तक रखी गयी है। खासकर यह मूर्तियां प्लास्टर आफ पेरिस और सांचों के माध्यम से तैयार की जाती हैं। एक मूर्ति को ढालने , सुखाने, पेंट करने और अंतिम रूप देने में लगभग तीन से चार दिन का समय लगता है। फिलहाल बाजारों में ग्राहकों की चहल पहल थोड़ी धीमी है। लेकिन उम्मीद है कि नवरात्र शुरू होने के साथ ही बिक्री में तेजी आयेगी।



इसके अलावा बाजारों में माता रानी की चुनरी, नारियल, कलश, मौली और अन्य पूजा सामग्री की दुकानें सज गयी हैं।

युवकके बैंक खातेमें ९० हजार डालकर १.२५ लाख रुपये निकाले

धूमनगंज के केंद्रांचल कालोनी निवासी बनवारी लाल मीना के बैंक खातों से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने पहले उनके बैंक खाते में ९० हजार रुपये जमा किए और एक मिनट बाद ही ९९ हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद एक और बैंक खाते से भी २६ हजार रुपये निकाल लिए गए। धूमनगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

तहरीर के मुताबिक, पांच अक्टूबर को सुबह करीब ११:३० बजे बनवारी लाल घर पर थे। इसी दौरान उनके बैंक खाते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने ९० हजार रुपये जमा किए। इसके करीब एक मिनट बाद ही खाते से ९९ हजार रुपये निकाल लिए गए। इसमें पीड़ित के नौ हजार रुपये भी शामिल थे। इसके बाद सुबह करीब ११:३४ बजे उनके एक और खाते से २६ हजार रुपये निकाल लिए गए। धूमनगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कौड़िहार ब्लाक प्रमुख मुजफ्फर सहित चारपर एफआईआर, एक गिरफ्तार

गोवंश को पिकअप वाहन में लादकर वाराणसी के रास्ते बिहार ले जाने के मामले में मंसूराबाद चौकी पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान फिरोज अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी सेवईथ, थाना सोरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में कौड़िहार ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद मुजफ्फर, मोहम्मद जैद, असलम और फिरोज अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक भीष्म नारायण सिंह, उपनिरीक्षक इंद्रजीत सिंह यादव, हेड कांस्टेबल ज्यूतबन्धन सिंह तथा कांस्टेबल प्रदीप वर्मा, सौरभ कुमार राय, अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार चौरसिया और रोहित पासवान मंसूराबाद चौकी क्षेत्र

पिकअपमें पशु लादकर ले जा रहे थे आरोपित, पुलिस टीमको कुचलनेकी कोशिश

में बुधवार की रात्रि गश्त पर थे। गश्त समाप्त करने के बाद पुलिस टीम चौकी की ओर लौट रही थी। इसी दौरान राहगीरों ने सूचना दी कि कुछ लोग घूमंतू गाय और सांड पकड़कर पिकअप में लाद रहे हैं। वाहन श्रृंगवेरपुर सर्विस लेन से हाईवे पर चढ़कर वाराणसी होते हुए बिहार की ओर जाने वाला है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। पिकअप दिखाई देने पर पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने पुलिस टीम को कुचलने की नीयत से वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने इधर-उधर हटकर अपनी जान बचाई। इसके बाद चालक ने मेडारा अंडरपास से करीब २०० मीटर पहले सर्विस रोड पर पिकअप रोक दी।पुलिस के मुताबिक वाहन रुकते ही चालक सीट पर बैठा व्यक्ति दाहिनी ओर से उतरकर भाग गया, जबकि बाईं ओर बैठा व्यक्ति खेतों की तरफ भाग निकला। बीच में बैठे व्यक्ति ने भी भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फिरोज अहमद बताया।पुलिस के अनुसार पूछताछ में फिरोज ने फरार व्यक्तियों के नाम मोहम्मद जैद और मोहम्मद मुजफ्फर निवासी चफरी बताए। पुलिस का कहना है कि फिरोज ने पूछताछ में बताया कि जैद और मुजफ्फर के कहने पर पशुओं को पिकअप में लादकर ले जाया जा रहा था। पिकअप को कब्जे में लेकर पशुओं को बरामद किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपितों की तलाश जारी है।

करेलीमें खेलते समय ११ वर्षीय फैज लापता, तलाश

करेली के ६० फीट रोड से ११ वर्षीय बालक फैज खेलते समय लापता हो गया। वह बिहार के सहरसा जिले का रहने वाला है और करीब दो वर्षों से करेली में रहकर पढ़ाई कर रहा था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पिता ने करेली थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। बिहार के सहरसा जिले के जलई थाना क्षेत्र के पूरबी पुनर्वास वार्ड-२ निवासी इस्तेयाक ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा फैज करेली के सोलह मार्केट में पढ़ाई करता था। वह मोहम्मद रब्बानी के साथ रहता था और अब्दुल अजीम की निगरानी में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। पिता के मुताबिक, तीन अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे फैज अन्य बच्चों के साथ ६० फीट रोड पर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक कहीं चला गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की गई। आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां भी पता लगाया गया, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से बालक की तलाश कर रही है।

युवकको पीटनेके मामलेमें सिपाही सहित पांच नामजद

बंधक बनाकर दो लाख रुपये मांगे, थानेमें जबरन कबूलनामा करानेका आरोप

सरायइनायत में युवक को घर में बंधक बनाकर मारपीट करने और दो लाख रुपये की मांग करने के आरोप में फूलपुर में तैनात सिपाही समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह काररवाई न्यायालय के आदेश पर की है। आरोपितों में बनी गांव निवासी आदर्श कुमार उर्फ टिंकू, बथुई उर्फ विकास कुमार, चुलबुल डॉक्टर, आशीष कुमार और सिपाही अर्जुन सिंह शामिल हैं। बहादुरपुर चौराहा निवासी फोटो देवी पत्नी रामसूरत भारतीय ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके बेटे संजीव कुमार भारतीय की आदर्श कुमार से जान-पहचान थी। दोनों के बीच अक्सर आना-जाना था। नौ अगस्त की शाम करीब सात बजे आदर्श कुमार अपने दो-तीन साथियों के साथ मैजिक से संजीव के घर पहुंचा। सहसों में एक पार्टी के यहां तगादे के लिए चलने की बात कहकर वह संजीव को अपने साथ ले गया।

देर रात तक संजीव के घर नहीं लौटने पर फोटो देवी उसे खोजते हुए आदर्श के घर पहुंचीं। आरोप है कि वहां संजीव को घर के अंदर बंधक बनाकर आदर्श समेत अन्य लोग मारपीट कर रहे थे। उससे दो लाख रुपये देने की मांग की जा रही थी। बेटे को छोड़ने की गुहार लगाने पर आरोपितों ने फोटो देवी को भी धमकाया। तहरीर के मुताबिक मारपीट के बाद आरोपितों ने संजीव को फूलपुर थाने में तैनात सिपाही अर्जुन सिंह को सौंप दिया। आरोप है कि सिपाही उसे थाने ले गया और वहां बदसलूकी करते हुए जबरन रुपये देने की बात कबूल कराई। फोटो देवी ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। दो दिन बाद संजीव घर पहुंचा और स्वजन को पूरी घटना बताई। पुलिस से कार्रवाई न होने पर फोटो देवी ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर सरायइनायत पुलिस ने सिपाही समेत पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

'प्रेम मंदिर'की तर्जपर दिखेगा शाहगंज बारवारीका दुर्गापूजा पण्डाल

कोलकातासे आये कारीगरोंकी कारीगरी अद्भुत

शाहगंज बारवारी दुर्गा पूजा पण्डाल का स्वरूप अभी से ही देखने लायक हो गया है। यह पण्डाल वृंदावन स्थित 'प्रेम मंदिर'की तर्ज पर बनाया जा रह है। शाहगंज बारवारी इस बार १०३वें वर्ष का दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजित करने जा रही है। कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार दुबे एवं सलाहकार भाष्कर मुखर्जी ने चार महीने पहले पंडाल की थीम 'प्रेम मंदिर' रखने का निर्णय लिया था। इसके लिए वृंदावन के प्रेम मंदिर सरीखा पंडाल कोलकाता के एक दर्जन कारीगरों के जरिए तैयार कराया जा रहा है।

शाहगंज स्थित दुर्गा पूजा पार्क में चार सितंबर से पूजा पंडाल का कार्य चल रहा है। ५० फीट की ऊंचाई के पंडाल में अभी बल्लियों का ढांचे का काम पूरा किया गया है। अब प्लाई एवं बीट का कार्य हो रहा है और उसके साथ-साथ गोल्डन रंग की साजसज्जा भी की जा रही है। पूरे पंडाल की सफेद लाइटिंग करवाई जाएगी। पार्क में प्रवेश करने से पहले मुख्य द्वार पर बड़ा तोरण द्वार बनवाया जाएगा।



जिस पर रंगबिरंगी लाइटिंग होगी। साथ ही लेजर लाइटिंग के जरिए मां दुर्गा का चित्रण किया जाएगा। पंडाल में मां दुर्गा की ११ फीट ऊंची मूर्ति १४ अक्तूबर को रखी जाएगी। मां दुर्गा के अस्त्र-शस्त्र व साजसज्जा के आभूषण कोलकाता से मंगवाए गए हैं। साथ ही मां दुर्गा का पूजन-अर्चन करने के लिए कोलकाता से पुरोहित आएंगे और ढाक बजाने के लिए चार कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

माघ मेलाके विद्युत कार्य १५ अक्तूबर से होंगे आरम्भ

आगामी माघ मेला क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चुस्त दुरूस्त करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों का निरंतर मंथन चल रहा है। मेला क्षेत्र में निर्बाध रूप से बिजली व्यवस्था के इंतजाम के लिए १६ मुख्य अधिकारियों की तैनाती की गयी है। बिजली से जुड़े कार्यों को १५ अक्तूबर से आरम्भ करने की तैयारी की जा रही है। मेला की व्यवस्था के लिए मुख्य अभियंता वितरण प्रयागराज प्रथम राजेश कुमार के नेतृत्व में एसई कुष्ण कुमार अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार सहित मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों के लिए पांच एसडीओ एवं आठ जेई तैनात हैं।

विश्वामित्रसे मिले राम-लक्ष्मण, ताड़काका किया वध

श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से गुरुवार को रामलीला मंचन स्थल बड़ी कोठी के बगल में लीला संयोजक पं. सियाराम शास्त्री के निर्देशन में विश्वामित्र मिलन की लीला हुई।

सर्वप्रथम राजा दशरथ के दरबार में ऋषि विश्वामित्र पहुंचते हैं और राक्षसों के अंत के लिए और यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगते हैं। जिस पर राजा दशरथ कहते हैं कि हमारी पूरी सेना ले जाओ लेकिन इनको रहने दे, जिस पर ऋषि विश्वामित्र क्रोधित होते हैं अंत में राजा दशरथ राम और लक्ष्मण को ऋषि विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं।

रास्ते में ताड़का राक्षसी का वध दोनों राजकुमारों के द्वारा किया जाता है। दूसरे दृश्य में जनक नंदिनी माता सीता अपनी सखियों के साथ बाग में फुलवारी लीला करती हैं। जिसमें पहली बार प्रभु श्री राम के दर्शन होते हैं।

कमेटी की मीडिया प्रभारी तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया ने बताया कि कल इसी स्थान पर धनुष यज्ञ लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला होगी। लीला में कमेटी के अध्यक्ष कुल्लू यादव, महामंत्री जितेंद्र गौड़, उपाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय, राजू, हीरालाल यादव, पंचू यादव, सुरेंद्र गौड़, शिबू सोनी, राबिन पालीवाल, विक्कू निषाद, पवन यादव आदि मौजूद रहे।

ध्वनि एवं प्रकाशके माध्यमसे कल से शुरू होगी कटराकी रामलीला

श्री कटरा राम लीला कमेटी के तत्वावधान में आगामी १० अक्तूबर से भव्य एवं अलौकिक रामलीला महोत्सव की शुरुआत होने जा रही है। इस वर्ष की रामलीला का मुख्य आकर्षण ध्वनि एवं प्रकाश का अत्याधुनिक संयोजन होगा, जिसका निर्देशन अतुल यदुवंशी कर रहे हैं। इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक महोत्सव में देश के विभिन्न अंचलों से आए प्रतिष्ठित लोक कलाकारों और सांस्कृतिक दलों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें मुख्य रूप से बुंदेलखंड छत्रसाल अखाड़ा (सागर, मध्य प्रदेश)का अखाड़ा नृत्य एवं पारंपरिक मार्शल आर्ट का हैरतअंगेज प्रदर्शन(ग्रुप लीडर राजकुमार रैकवार), श्री कृष्ण लोक संस्कृति विकास संस्थान (सागर, मध्य प्रदेश) का प्रसिद्ध 'बधाई लोक नृत्य (ग्रुप लीडर मनीष यादव) एवं नवयुवक संस्थान (रांची, झारखंड) की प्रसिद्ध कला 'छाऊ नृत्य' की जीवंत प्रस्तुति(ग्रुप लीडर सृष्टिधर महतो) होगी। कमेटी के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, महामंत्री उपेश चंद्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी, उपाध्यक्ष विनोद केसरवानी, आनंद अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मंत्री शिव बाबू गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, विपुल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति ने लोगों से इस भव्य सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर रामलीला का आनंद उठाने की अपील की है।

मौसमी संक्रमणसे जुकाम-बुखारके मरीजोंकी भरमार

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के चलते संक्रामक बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। दिन में तेज धूप एवं गर्मी, जबकि रात में एसी, कूलर एवं पंखे की ठंडी हवा के कारण लोग इस उतार-चढ़ाव भरे मौसम की चपेट में आकर बीमार हो रहे हैं। गुरुवार को बेली, काल्विन, चिल्ड्रेन एवं एसआरएन अस्पताल के ओपीडी में भारी भीड़ देखी गयी। जहां अधिकांश मरीज, सर्दी-जुकाम, बुखार एवं अन्य मौसम संबंधी समस्याओं से पीड़ित मिले। एसआरएन अस्पताल के अतिरिक्त सीएमएस एवं फिजिशियन डा. मेजर जीतेन्द्र शुल्का के अनुसार मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। धूप एवं गर्म वातावरण से अचानक आकर तुरंत पंखे एवं एसी की ठंडी हवा में बैठने से लोगों को खांसी, जुकाम एवं बुखार की समस्या हो रही है।